INDIAN INSTITUTE OF BANKING & FINANCE
(An ISO 9001 - 2008 CERTIFIED ORGANISATION)
Kohinoor City, Commercial-II, Tower-1, 2nd Floor, Kirol Road, Kurla (West), Mumbai - 400 070
Web-site : www.iibf.org.in

# बैंकिंग उन्मुख हिन्दी में प्रमाणपत्र परीक्षा

## नियम एवं पाठ्यक्रम

**बैंकिंग उन्मुख हिन्दी में प्रमाणपत्र से सम्बन्धित विवरण निम्नानुसार हैं :**

### उद्देश्य

"बैंकिंग उन्मुख हिन्दी में प्रमाणपत्र परीक्षा" आरंभ किए जाने का उद्देश्य दैनंदिन बैंकिंग कामकाज में हिन्दी के क्रमिक प्रयोग को बढ़ावा देना है ।

### पाठ्यक्रम-विवरण

निर्धारित पाठ्यक्रम, जो परिचायक है, के विवरण पुस्तिका में दिए गए हैं। तथापि, अभ्यर्थी को परीक्षा के व्यावसायिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित विषय की परिधि में आने वाले सभी विषयों का अध्ययन करना होगा, क्योंकि उक्त विषय में सभी प्रासंगिक विषय-वस्तुओं पर प्रश्न पूछे जा सकते हैं। परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों को अपने आपको ऐसे सभी प्रश्नों के उत्तर देने हेतु विशेष रूप से तैयार रखना होगा जो उक्त परीक्षा की विविध विषय-वस्तुओं के अधीन होने वाली अद्यतन घटनाओं के सम्बन्ध में पूछे जा सकते हों, भले ही उन विषयों को पाठ्यक्रम में विशेष रूप से शामिल न किया गया हो। संस्थान समय-समय पर पाठ्यक्रम / नियमों / शुल्कगत ढांचे को परिवर्तित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। किए गए किसी भी परिवर्तन को समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को वित्तीय समाचार पत्रों / आवधिक पत्रिकाओं, विशेष रूप से संस्थान द्वारा प्रकाशित "आईआईबीएफ विजन" और "बैंक क्वेस्ट" का संदर्भ लेने की सलाह दी जाती है।

### परीक्षा की विधि

प्रश्न पत्र में आत्मनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। यह परीक्षा केवल ऑफ-लाइन विधि से संचालित होगी।

### परीक्षा अवधि

यह परीक्षा तीन घंटों की अवधि वाली होगी।

### आवधिकता एवं परीक्षा केन्द्र

(i) यह परीक्षा सामान्यतया वर्ष में एक बार मई / जून महीने में किसी रविवार को होगी।

(ii) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा केन्द्रों की एक सूची उपलब्ध कराई जाएगी।

(iii) अभ्यर्थियों को उसी परीक्षा केन्द्र से परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा, जिसका चयन वे परीक्षा हेतु आवेदन करते समय करेंगे। परीक्षा-स्थल की सूचना परीक्षा प्रवेश पत्र जारी करते समय प्रदान की जाएगी।

(iv) स्थानान्तरण या किसी अन्य वैध कारण से परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन हेतु अनुरोध परीक्षा आरंभ होने के 45 दिन पहले संस्थान के पास पहुंच जाने चाहिए। उसके बाद प्राप्त होने वाले किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(v) वैयक्तिक कारणों से परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन के किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्थानान्तरण, प्रशिक्षण और प्रतिनियुक्ति आदि के कारण परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन के लिए सभी अनुरोधों के साथ नियोक्ता का अधिप्रमाणन लगा होना चाहिए।

संस्थान किसी भी उस केन्द्र से परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण या किसी अन्य ऐसे कारण से जिसे वह उचित समझे, वर्तमान केन्द्रों में से किसी भी केन्द्र को बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों को निकटतम उपलब्ध केन्द्र से परीक्षा में शामिल होने की सलाह दी जाएगी।

## पात्रता

संस्थान के सदस्यगण इस परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

## परीक्षा शुल्क

| | सदस्यों के लिए |
|---|---|
| प्रत्येक प्रयास हेतु | 562/-रुपये (सेवा कर सहित 12.36%) |

## परीक्षा का माध्यम

यह परीक्षा केवल हिन्दी में ही संचालित की जाएगी।

## परीक्षा हेतु आवेदन करने की कार्यविधि

परीक्षा के लिए आवेदन संस्थान की वेबसाइट **www.iibf.org.in** से ऑनलाईन किया जाना चाहिए। 1 जनवरी, 2013 से संस्थान द्वारा कोई भौतिक फार्म नहीं स्वीकार किया जाएगा।

## प्रवेश पत्र

(i) संस्थान सदस्यों को सदस्यता पहचान पत्र जारी करेगा।

(ii) उपर्युक्त के अलावा, संस्थान परीक्षा से पहले सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रवेश कार्ड / पत्र जारी करेगा, जिसमें तिथि, समय और स्थल के पते का उल्लेख होगा।

(iii) परीक्षा स्थल पर सत्यापन हेतु परीक्षा प्राधिकारी को परीक्षा प्रवेश कार्ड / पत्र तथा सदस्यता पहचान पत्र, दोनों ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

(iv) परीक्षा प्रवेश कार्ड / पत्र और / या सदस्यता पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## परीक्षा कक्ष में आचरण एवं अनुशासन

(i) अभ्यर्थियों को परीक्षा आरंभ होने के कम से कम 15 मिनट पहले परीक्षा स्थल पर उपस्थित हो जाना चाहिए। परिक्षा आरंभ हाने से 15 मिनट पहले वाली अवधि के समाप्त हो जाने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परीक्षा आरंभ होने के समय से एक घंटे के पहले किसी भी अभ्यर्थी को कक्ष से बाहर जाने की अनुमित नहीं दी जाएगी।

(ii) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्होंने उपस्थिति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

(iii) अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय में परीक्षा कक्ष में पुस्तकें, नोट, पत्रिकाएं आदि नहीं रखना चाहिए या उनका उपयोग नहीं करना चाहिए / या परीक्षा के समय गणितीय तालिकाओं, परिकलन-पट्टिकाओं (Slide-rules) स्टेंसिलों आदि का उपयोग नहीं करना चाहिए। ऐसी चीजें, यदि कोई हैं, परीक्षा आरंभ होने के पूर्व-कक्ष अधीक्षक को सौंप दी जानी चाहिए। **परीक्षा-कक्ष में मोबाइल फोन रखना पूर्णत: निषिद्ध है।** परीक्षा के समय किसी भी अभ्यर्थी को इस प्रकार की अनधिकृत सामग्री रखे हुए पाए जाने पर कदाचरण हेतु अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने के लिए उक्त मामले की सूचना उसके नियोक्ताओं के दिए जाने के अलावा वह परीक्षा में अनुचित साधन अपनाए जाने के विरुद्ध दंडित किए जान हेतु उत्तरदायी होगा।

(iv) अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होते समय निम्नलिखित शर्तों के अधीन परिकलकों (Calculators) के उपयोग की अनुमति होगी:

परिकलक (Calculator) इस प्रकार का होना चाहिए :

(क) जेबी आकार वाला और पूर्णत: सफरी (सुवाह्य)

(ख) परिचालन के समय नि:शब्द

(ग) बैटरी द्वारा परिचालित

(घ) टेप लगाकर या अन्यथा चलाए जा सकने में अक्षम

(ड.) प्रिंट-आउट सुविधा रहित

(च) छ: प्रकार के कार्य करने वाला और 12 अंकीय

(छ) उसे बंद कर दिए जाने पर मेमोरी में डाटा बनाए रखने / भंडारित किए जाने में अक्षम

उपर्युक्त शर्तों का पालन न करने वाले और परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी के पास पाए जाने वाले परिकलक परीक्षा पर्यवेक्षकों द्वारा जब्त कर लिए जाएंगे तथा परीक्षा की समाप्ति पर उन्हें अभ्यर्थियों को वापस कर दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी अभ्यर्थी के उपर्युक्त शर्तों का

पालन न करने वाले परिकलक का उपयोग करते हुए पाए जाने की स्थिति में उसे अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के दौरान अनुचित साधन अपनाए जाने जैसा ही माना जाएगा तथा संस्थान उस अभ्यर्थी के विरुद्ध जैसी भी उचित समझी जाए, उस प्रकार की कार्रवाई करेगा।

(v) अभ्यर्थियों और बाहरी व्यक्तियों के बीच किसी भी प्रकार के संवाद की अनुमति नहीं होगी तथा परीक्षा के दौरान पूर्णत: शांति बनाए रखनी होगी।

(vi) अन्य अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं से उत्तरों को नकल करने तथा अपनी उत्तर पुस्तिका से किसी अन्य को नकल करने देने पर परीक्षा में अनुचित व्यवहार सम्बन्धी नियम लागू होंगे।

(vii) परीक्षा में कोई भी अभ्यर्थी किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिरूपण (impersonate) नहीं करेगा या अन्य लोगों को अपना प्रतिरूपण नहीं करने देगा।

(viii) कोई भी अभ्यर्थी केन्द्र में परीक्षा का संचालन कर रहे प्राधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार / तर्क-वितर्क नहीं करेगा।

**यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त में से किसी भी नियम का उल्लंघन करता है, तो उसे कदाचरण माना जाएगा तथा वह नीचे उल्लिखित दण्ड के लिए उत्तरदायी होगा / होगी :**

## कदाचरण / अनुचित व्यवहार के लिए दण्ड

संस्थान को यह अधिकार प्राप्त होगा कि वह उसे प्रभावित करने वाले किसी भी मामले में या उसके द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा में कदाचरण / अनुचित व्यवहार के लिए किसी भी अभ्यर्थी को दण्डित कर सके या किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके विरुद्ध उन्हें यह विश्वास करने के कारण मौजूद हों कि उसने परीक्षा में अनुचित सहायता प्राप्त या प्रदान की है, अयोग्य ठहरा सके और

(i) ऐसे अभ्यर्थी की उस परीक्षा, जिसमें वह शामिल हुआ / हुई हो, के सभी या किसी भी विषय के परिणामों को निरस्त कर दे;

(ii) उसे भावी परीक्षाओं से या तो स्थायी रूप से या फिर विनिर्दिष्ट संख्या में परीक्षाओं में शामिल होने से निषिद्ध कर दे;

(iii) उसका नाम उसके नियोक्ता को सूचित कर दे और

(vi) उसके विरुद्ध ऐसी अन्य कार्यवाही करे, जो संस्थान उसके एकमात्र विवेकानुसार उचित समझे तथा संस्थान का उक्त निर्णय उक्त अभ्यर्थी के लिए निर्णायक एवं बाध्यकर होगा।

संस्थान को यह भी अधिकार होगा कि वह बाद में होने वाली किसी भी ऐसी अन्य परीक्षा के परिणामों को भी निरस्त कर दे, जिसमें उक्त परीक्षा के दंड की निषेध अवधि के भीतर होने पर अभ्यर्थी शामिल हो सकता था, क्योंकि भावी परीक्षा से निषेध जैसे स्वरूप वाला दंड दिए जाने के कारण उक्त अभ्यर्थी बाद में होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने का पात्र नहीं हो सकता था।

संस्थान और सदस्य के बीच किसी प्रकार का विवाद उठने पर उसे ग्रहण करने का अधिकार क्षेत्र केवल चेन्नै, कोलकाता, नई दिल्ली और मुंबई में स्थित सक्षम न्यायालयों को ही प्राप्त होगा।

## सफलता मानदंड

विषय में उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम अंक - 100 में से 50 अंक ।

## परीक्षा-फल की घोषणा

उक्त विषय में प्राप्त किए गए अंकों सहित परीक्षा का अंतिम परिणाम सामान्यत: उसमें शामिल हुए अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने के दो माह के भीतर सूचित कर दिया जाएगा।

## अंक सत्यापन की सुविधा

अंकों के सम्बन्ध में प्रत्येक मामले में परीक्षकों का निर्णय अंतिम होगा तथा अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र के पुनर्मूल्यांकन के किसी भी अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। हालांकि, यदि कोई अभ्यर्थी उसके अंकों का सत्यापन कराना चाहता है, तो उसे संस्थान से तदनुसार अनुरोध करना चाहिए। इस प्रकार के सत्यापन में निम्नलिखित का समावेश होगा :

(i) सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया गया है।

(ii) सभी उत्तरों के लिए प्रदान दिए गए अंकों को योग निकालने हेतु आवरण पृष्ठ पर सही ढंग से ले जाया गया है।

(iii) निकाला गया योग अंकगणितीय रूप से सही है।

अंक सत्यापन का अनुरोध परीक्षा-फल की घोषणा की तिथि से एक माह के भीतर संस्थान के सम्बन्धित अंचल कार्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। परीक्षा के अंकों के सत्यापन हेतु अभ्यर्थी को 169/- रुपये (सेवा कर सहित 12.36%) की रकम का भुगतान करना होगा। यह भुगतान "इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स" के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना चाहिए, जिसे संस्थान के अंचल कार्यालय वाले स्थल पर देय होना चाहिए। अभ्यर्थियों को उक्त ड्राफ्ट के पिछले हिस्से पर उनकी सदस्यता संख्या और विषय का नाम लिख देना चाहिए।

## प्रमाणपत्र का जारी किया जाना

परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा की समाप्ति के बाद छह माह के भीतर एक प्रमाणपत्र प्राप्त होगा।

## बैंक क्वेस्ट

संस्थान "बैंक क्वेस्ट" नामक तिमाही जर्नल प्रकाशित करता है, जिसमें बैंकिंग और सम्बद्ध विषयों के विविध पहलुओं का समावेश होता है। यह एक समूल्य प्रकाशन है तथा इसका वार्षिक चंदा इस समय 140/- रुपये (चार अंकों के लिए) है।

## आईआईबीएफ विजन

संस्थान "आईआईबीएफ विजन" शीर्षक से एक मासिक न्यूजलेटर भी प्रकाशित करता है, जिसमें बैंकिंग एवं वित्त से सम्बन्धित अद्यतन घटनाओं का समावेश रहता है। यह संस्थान के सभी आजीवन सदस्यों को नि:शुल्क भेजा जाता है।

| संस्थान के गैर सदस्यों के लिए | चंदे की दर |
|---|---|
| 1 वर्ष (12 अंक) | 40.00 रुपये |
| 2 वर्ष (24 अंक) | 80. 00 रुपये |

## ई-न्यूजलेटर : FIN@QUEST

संस्थान अपने पोर्टल के माध्यम से दैनिक ई-न्यूजलेटर प्रकाशित करता है, जिसमें बैंकिंग और वित्त से सम्बन्धित विविध पहलुओं को शामिल किया जाता है तथा इसकी चंदा दर 500/- रुपये प्रति वर्ष है। इस न्यूजलेटर की आपूर्ति ग्राहक के ई-मेल पते पर दैनिक आधार पर की जाएगी।

# परीक्षा का पाठ्य-विवरण

i. प्रयोजनमूलक हिन्दी :

(i) संकल्पना तथा दृष्टिकोण

विविध भाषाई रजिस्टरों के बीच अंतर तथा प्रयोजनमूलक भाषा की विशेषताएं, प्रयोजनमूलक भाषा का दृष्टिकोण, विषयनिष्ठता, मानकीकरण एवं बैंकों में प्रयुक्त प्रयोजनमूलक भाषा के संदर्भ में विविध वाक्यांश।

(ii) मूल बैंकिंग शब्दावली

परिचालनात्मक तथा सामान्य बैंकिंग शब्दावली, व्यापारी बैंकिंग शब्दावली, ग्रामीण बौंकिंग शब्दावली, संक्षिप्त शब्द इत्यादि।

(iii) प्रयोजनमूलक हिन्दी के विविध रूप

क) टिप्पण-टिप्पण के विविध रूप एवं वाक्यांश

ख) प्रारुपण - शासकीय पत्र, अर्धशासकीय पत्र, ज्ञापन, कार्यालय आदेश, परिपत्र, सूचना, प्रेस विज्ञप्ति इत्यादि।

(iv) बैंकिंग के संदर्भ में हिन्दी से अंग्रेजी / अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद।

ii. भारतीय अर्थव्यवस्था, वाणिज्य, वित्तीय / मौद्रिक नीतियों तथा वित्तीय सेवाओं से संबंधित मौलिक जानकारी, सामान्य बैंकिंग प्रसंगों से संबंधित विविध पहलुओं पर प्रश्न

iii. हिन्दी में एक निबंध - बैंकिंग, अर्थशास्त्र एवं सामयिक वित्तीय प्रसंगों से संबंधित विषयों पर।

## COURSES OF IIBF

### A. Flagship Courses

- ☞ JAIIB
- ☞ CAIIB
- ☞ Diploma in Banking & Finance

### B. Specialised Post Graduate Diploma Courses (for Member* and Non-Members**)

- ☞ Diploma in Treasury, Investment and Risk Management
- ☞ Diploma in Banking Technology
- ☞ Diploma in International Banking and Finance
- ☞ Diploma in Urban Co-operative Bank
- ☞ Diploma in Commodity Derivatives for Bankers
- ☞ Diploma for Micro Finance Professionals in collaboration with Sa-Dhan
- ☞ Advanced Wealth Management Course
- ☞ Diploma in Home Loan Advising

### C. Specialised Certificate Courses (for Member* and Non-Members**)

- ☞ Certificate in Trade Finance
- ☞ Certified Information System Banker
- ☞ Certificate in Anti-Money Laundering / Know Your Customer
- ☞ Certificate in Quantitative Methods for Bankers
- ☞ Certificate in Credit Cards for Bankers
- ☞ Certificate Examination in Banking Oriented Paper in Hindi
- ☞ Certificate Examination in SME Finance for Bankers
- ☞ Certificate Examination in Customer Service & Banking Codes and Standards
- ☞ Certificate Examination in Basics of Banking / Credit Cards for employee of IT Companies
- ☞ Certificate Course for Business Correspondents / Business Facilitators
- ☞ Certificate Examination for Debt Recovery Agents
- ☞ Certificate Examination in IT Security
- ☞ Certificate Examination in Rural Banking Operations for RRB Staff
- ☞ Certificate Examination in Prevention of Cyber Crimes and Fraud Management
- ☞ Certificate Examination in Foreign Exchange Facilities for Individuals
- ☞ Certificate Examination in Microfinance

### D. Management Courses

- ☞ Advanced Management Program in collaboration with SIES - Mumbai, Welingkar-Mumbai, IMI-Delhi, IPE-Hyderabad.
- ☞ Project Finance Management Blended Course with IFMR, Chennai
- ☞ CAIIB linked MBA with IGNOU.

### Educational support :

- ☞ Publishing specific courseware for each paper / examination and Workbooks etc.
- ☞ Tutorials through Accredited Institutions, Virtual Classes, e-learning through Portal, Contact Classes or Campus Training - Model Questions and subject updates on the net

### Other activities :

- ☞ Research, Seminars, Conferences, Lectures, etc.
- ☞ Publications of books, Daily e-newsletter, monthly newsletter and quarterly journal
- ☞ Training & Consultancy and Financial Education

* Members are employees of Banks and Financial Institutions who have enrolled as members of IIBF.

** Non-Members are eligible candidates for each course / examination without IIBF Membership.

The Syllabi, Rules / Regulations, Examination Forms and other information pertaining to the examinations are available with Institute's Offices at Mumbai, Chennai, New Delhi, Kolkata and also at such other centers / offices as may be notified from time to time. The same is also available at our website **www.iibf.org.in**.

## ADDRESSES FOR CONTACT


**Corporate Office :**

Indian Institute of Banking & Finance
Kohinoor City, Commercial-II, Tower-1, 2nd Floor,
Kirol Road, Kurla (West), Mumbai - 400 070
Tel : 022-2503 9746 / 9604 / 9907 Fax : 022-2503 7332
E-mail : iibgen@bom5.vsnl.net.in

**Northern Zonal Office :**

Indian Institute of Banking & Finance
109-113, Vikrant Towers, 1st Floor,
4, Rajendra Place, New Delhi - 110 008
Tel. : 91-011-2575 2191/92
Fax : 91-011-2575 2193
E-mail : iibnz@iibf.org.in

**Southern Zonal Office :**

Indian Institute of Banking & Finance
No.94, Jawaharlal Nehru Road,
(100 Feet Road), Opp. Hotel Ambica
Empire, Vadapalani, Chennai - 600 026
Tel. : 044-2472 2990/2472 7961
Fax : 044-2472 6966
E-mail : iibsz@iibf.org.in

**Western Zonal Office :**

Indian Institute of Banking & Finance
191-F, Maker Towers, 19th Floor,
Cuffe Parade, Mumbai - 400 005
Tel. : 022-2218 3302 / 2218 5134
Fax : 022-2218 0845
E-mail : iibwz@iibf.org.in

**Eastern Zonal Office :**

Indian Institute of Banking & Finance
408, 'Anandlok', 'A' Block, 4th Floor,
227, Acharya J. C. Bose Road,
Kolkata - 700 020
Tel. : 033-2280 9681/82/83
Fax : 033-2280 9680
E-mail : iibez@iibf.org.in


Quality Printers (I) Ph. 24922297